(b) The coal companies are taking steps to improve the coal production. These include stepping up supply of vital inputs on which coal production is dependent. The production has already improved from a level of about 8.69 million tonnes in November, 1979 to 10.07 million tonnes in February, 1980.

Coal companies are also in constant liaison with the Railways to improve the movement possibilities.

A production plan of 113.5 million tonnes has been drawn for 1980-81 and coal companies are reasonably certain about achieving this production plan subject to availability of vital inputs like power, diesel etc. when it is expected the demand would be met to a very large extent in all the States.

**Television Centre at Bangalore**

113. SHRI T. R. SHAMANNA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) was there not an assurance that Television facilities will be given to Bangalore City; and

(b) a definite date when the Bangalore City will have a television centre?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI VASANT SATHE): (a) and (b). There is an approved Sixth Plan proposal to set up a full-fledged T. V. Station at Bangalore. The Station is scheduled to be commissioned in the last year of the Plan i.e., 1982-83. It is hoped to adhere to this target date.

**पटना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में वोटों की गिनती के झूठे समाचार का प्रसारण**

114. श्री रामावतार शास्त्री : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पटना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में वोटों की गिनती का कार्य 7



और 8 जनवरी को जारी रहा था जब कि विजयी उम्मीदवार का परिणाम 8 जनवरी को घोषित किया गया ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि दिल्ली और पटना स्थित आकाशवाणी केन्द्रों से 8 जनवरी को सुबह 3 से 10 बजे तक यह प्रसारण किया जाता रहा कि जनता पार्टी के उम्मीदवार श्री महामाया प्रसाद सिन्हा कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार श्री रामावतार शास्त्री से 1000 वोटों से आगे हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि श्री रामावतार शास्त्री वोटों की गिनती के दौरान श्री महामाया प्रसाद सिन्हा से बराबर आगे बने रहे थे ; और

(घ) यदि हां, तो ऐसे झूठे और गलत प्रसारण के क्या कारण थे और उसका स्रोत क्या था तथा उसके लिए जिम्मेवार व्यक्तियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई ?

सूचना और प्रसारण तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री वसन्त साठे) : (क) जी, हां ।

(ख) इस आशय का समाचार कि श्री महामाया प्रसाद सिन्हा कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार रामावतार शास्त्री से 1,000 वोटो से आगे है, दिल्ली से केन्द्रीय सरकार समाचार बुलेटिनों में 8 जनवरी, 1980 को प्रात: 8 बजे और प्रात: 10 बजे प्रसारित किया गया था ।

(ग) 8 जनवरी की प्रात: को, पटना (केन्द्रीय), पटना (पूर्वी) और पटना (पश्चिमी) खंडों की मतगणना के पश्चात्, जनता पार्टी का उम्मीदवार कुछ समय के लिए आगे था । वोटों के रुझानों के बारे में घोषणायें मतगणना हाल में समय समय पर की जा रही थी तथा उस समय जनता पार्टी के उम्मीदवार के आगे होने की घोषणा की गई थी । इसको डाक-तार बोर्ड द्वारा दर्शाया गया था तथा एक समाचार ऐजेंसी "समाचार भारती" द्वारा भी प्रसारित किया गया था ।

(घ) प्रश्न नही उठता ।

**बिहार राज्य के लिए सिंचाई योजनायें**

115. श्री रामावतार शास्त्री : क्या ऊर्जा और सिंचाई तथा कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सिंचाई के मामले में बिहार एक पिछड़ा हुआ राज्य है ;

(ख) यदि हां, तो सिंचाई के क्षेत्र में पिछड़ापन दूर करने के लिए सरकार ने कोई योजना तैयार की है ; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्योरा क्या है ?

**ऊर्जा और सिंचाई तथा कोयला मंत्री (ए०बी०ए० गनी खान चौधरी)**: (क) बिहार राज्य में 1976-77 में सफल कृषि गत क्षेत्र को तुलना में सकल सिंचित क्षेत्र की प्रतिशतता समस्त देश की 25.8 की प्रतिशतता की तुलना में 31.8 थी।

(ख) और (ग). निर्माणाधीन बृहद और मध्यम सिंचाई स्कीमों का तेजी से पूरा करके और नयी स्कीमों को हाथ में लेकर सिंचाई का विस्तार करने के लिए लगातार प्रयत्न किए जा रहे है।

**राष्ट्रीयकृत न की गई कोयला खानों की संख्या**

116. **श्री रामावतार शास्त्री : क्या ऊर्जा और सिंचाई तथा कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार मे कुछ कोयला खानें है जिनका राष्ट्रीयकरण अभी भी नही किया गया है,

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन खानों का राष्ट्रीयकरण न करने के क्या कारण हैं और सरकार का इनका राष्ट्रीयकरण कब तक करने का विचार है ?

**ऊर्जा और सिंचाई तथा कोयला मंत्री (श्री ए० बी० ए० गनी खान चौधरी)** (क) से (ग). जिन कोयला खानों के "नियुक्त दिन" को विद्यमान होने का पता चला था उन सभी का कोकर कोयला खान (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1972 और कोयला खान (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1973 के द्वारा राष्ट्रीयकरण कर दिया गया था। कोयला खान (राष्ट्रीयकरण) (संशोधन) अधिनियम, 1975 में बनाया गया और इसके द्वारा लोहा और इस्पात कम्पनियों के गैर सरकारी खनन पट्टों को छोड़कर शेष सभी गैर सरकारी कोयला खनन पट्टे समाप्त कर दिए गए थे जो व्यक्ति अधिनियम की व्यवस्थाओं का उल्लंघन करेगा उसे तीन वर्ष तक कैद और रु० 20,000 तक की जुर्माने की सजा दी जा सकता है। इसके बावजूद पता चला है कि कुछ पार्टियां गैर कानूनी खनन कर रही है। जहां कही ऐसे उदाहरण पता चलते हैं वहां सम्बन्धित व्यक्तियों के खिलाफ उपयुक्त कानूनी कार्यवाही की जाती है।

**आकाशवाणी के पटना केन्द्र से राजनैतिक नेताओं की वार्ताएं**

117. **श्री रामावतार शास्त्री : क्या सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आकाशवाणी के पटना केन्द्र से समय-समय पर राजनैतिक नेताओं साहित्यकारो, कलाविदों तथा अन्य विद्वानों की वार्तायें प्रसारित की जाती है ; और

(ख) यदि हा, तो वर्ष 1977 के आरम्भ होने से वर्ष 1979 के अन्त तक ऐसी कितनी वार्तायें प्रसारित की गईं, किन किन व्यक्तियों ने उक्त वार्तायें दी और वार्ताकारों का किन किन राजनैतिक दलों से सम्बन्ध है ?

**सूचना और प्रसारण तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री वसन्त साठे)**. (क) जी, हां।

(ख) सामान्य और विशेष श्रोता कार्यक्रमों मे वार्ताओ की संख्या कुल मिलाकर 4 से 5 प्रतिदिन होती है अर्थात् प्रतिवर्ष औसतन 1500 या तीन वर्ष की अवधि मे लगभग 4500। वार्ताकारों को विभिन्न क्षेत्रो के व्यक्तियो तथा साहित्यकारों कलाकारों, पत्रकारों, शिक्षाविदों, राजनैतिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से हिस्सा लेने वाले व्यक्तियों इत्यादि को लिया जाता है। इसलिए, अपेक्षित सूचना को एकत्र करने में काफी मेहनत और प्रयास करना होगा जो प्राप्त होने वाले परिणामो के अनुरूप नहीं होगा।

**Package Action to make Newspapers Economically viable**

118. SHRI VIJAY N. PATIL: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pelased to state:

(a) whether Government have formulated a package of action to make small and medium newspapers, economically viable;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the policy of Government to help regional language papers and the action taken/proposed?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI VASANT SATHE): (a) to (c) Government have been extending